दूरभाष / Ph : 01342–260104
फैक्स / Fax : 01342–297607
ई–मेल : edcbijnore@yahoo.co.in

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
आवास विकास कालोनी, बिजनौर – 246701

पत्रांकः–8258 / विविमंबि / ओ–2 / 2023–24 दिनांकः– 30.09.2023

:: <u>कार्यालय ज्ञापन</u> ::

विद्युत वितरण मण्डल, बिजनौर कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या 45 / 2023–24 जोकि विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, चांदपुर के कार्यक्षेत्र में जमा योजना में स्वीकृत पैकेज संख्या डी–165 / 2023–24 के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बिजनौर के अनुरोध पर चान्दपुर–फीना मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, चांदपुर टाउन से निर्गत 11 केवी टाउन–3, 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, पीपलसाना से निर्गत 11 केवी कराल प्रथम पोषक तथा 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, ककराला से निर्गत 11 केवी ताहरपुर पोषक की 11 केवी / एल०टी० लाईनों को स्थानांतरित करने के कार्य से सम्बन्धित है, जिसके प्रथम–भाग खुलने की तिथि दिनांक 29.09.2023 निर्धारित थी। खण्ड कार्यालय द्वारा उक्त निविदा के सापेक्ष तकनीकी स्पेशिफिकेशन तद्दिनांक को प्रेषित किये जाने के कारण एतद्द्वारा उक्त निविदा की तिथि विस्तारित की जाती है। अब यह निविदा दिनांक 10.10.2023 को 12:00 बजे तक बेबसाईट पर भरी जायेंगी तथा उसी दिनांक 10.10.2023 को निविदा का भाग–1 02:00 बजे ऑनलाईन खोला जायेगा। निविदा की अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी। कृपया बेबसाईट www.pvvnl.org एवं www.etender.up.nic.in पर विस्तार में सभी जानकारी / नियम व शर्ते विवरण / अपलोड तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन / विस्तार के लिये निविदा खुलने की दिनांक तक लॉगऑन करें।

(निरंजन कुमार सिंह)
<u>अधीक्षण अभियन्ता</u>

<u>पत्रांकः–8258 / विविमबि / ओ–2 / 2023–24 तद्दिनांकः– 30.09.2023</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (वितरण), मुरादाबाद क्षेत्र, प0वि0वि0नि0लि0, देहली रोड, मझोला, मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, चान्दपुर।

(निरंजन कुमार सिंह)
<u>अधीक्षण अभियन्ता</u>

O-2(OM)-161

दूरभाष / Ph : 01342–260104
फैक्स / Fax : 01342–265950
ई–मेल : edcbijnore@yahoo.co.in

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
आवास विकास कालोनी, बिजनौर – 246701

पत्रांकः– 7705 / वि0वि0मं0बि0 / ओ0–2 / विज्ञापन    दिनांकः– 14.09.2023

विषयः–विज्ञापन प्रकाशन के सम्बन्ध में।

सेवा में,
विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला,
मेरठ।

सेवा में,
विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान,
मेरठ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में **दिनांक 15.09.2023 तक** के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंट टाईप में तथा अग्रेंजी समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंट टाईप में रंनिग मेटर में प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें। हैडिंग और नीचे के नाम व पता यथा सम्भव एक लाईन में रंनिग मेटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। विज्ञापन में शीर्ष पर निगम का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक भी सबसे छोटे पठनीय टाइप में अवश्य प्रकाशित करें।

1. वर्गीकृत विज्ञापन हिन्दी भाषा में 8–10 प्वाइट टाईप में समाचार पत्रों के केवल एक कॉलम में प्रकाशित करें।
2. हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन में रंनिग मेटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन के प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन / भुगतान सम्भव न होगा।
4. सलंग्न हिन्दी / अग्रेंजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में ही किया जाये। अग्रेंजी भाषा सलंग्न सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात ही करें जिसके लिये कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जायें, इसके अभाव में सम्बन्धित बीजक का भुगतान सम्भव न होगा।
6. टेन्डर / सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।
7. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 तथा विज्ञापन की डी0ए0वी0पी0 निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हो, तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करे।
8. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे से टाइप में **विद्युत चोरी का हैल्पलाईन नं0 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ) तथा 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'** का नारा तथा अवश्य दें।
9. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

**सलंग्नकः–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति एवं विज्ञापन सामग्री।**

(निरंजन कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः– 7705 / वि0वि0मं0बि0 / ओ0–2 / विज्ञापन    तद्दिनांकः–14.09.2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (वितरण), पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, मुरादाबाद–क्षेत्र, देहली रोड, मझोला, मुरादाबाद।
2. अधीक्षण अभियन्ता (वा0), प0वि0वि0नि0लि0, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ **(ई–मेल–propvvnlmrt@gmail.com)**।
4. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम–चान्दपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त कार्यों के हस्ताक्षरित स्पेशिफिकेशन (बी0ओ0क्यू0) **तत्काल** इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि मण्डल कार्यालय द्वारा ससमय सन्दर्भित ई–निविदा के प्रपत्र एवं बी0ओ0क्यू0 ई–निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर ई–निविदा ऑनलाईन प्रकाशित की जा सके **(ई–मेल द्वारा)**।

**सलंग्नकः–विज्ञापन सामग्री।**

(निरंजन कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

O-1(Nivida Prakshan)-281

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**ई–निविदा विशिष्टीकरण सूचना**

एतदद्वारा निम्न निविदायें ई–टेन्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैंः–

**अल्पकालीन ई–निविदा विशिष्टिकरण संख्या–44/2023–24(कार्य का विवरणः**–वि0वि0ख0प्र0, चांदपुर के कार्यक्षेत्र में जमा योजना में स्वीकृत पैकेज संख्या डी–164/2023–24 के सापेक्ष अधिशासी अभियना, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बिजनौर के अनुरोध पर चांदपुर–पैजानिया मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, चांदपुर से निर्गत 11 केवी टाउन–2, 33/11 केची विद्युत उपकेन्द्र, पीपलसाना से निर्गत 11 केवी रवाना पोषक तथा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, मसीत से निर्गत 11 केवी बाबरपुर पोषक की 11 केवी/एल०टी० लाईनों को स्थानांतरित करने के कार्य को बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने का कार्य। **(धरोहर राशि रूपये 13000.00)।**

**अल्पकालीन ई–निविदा विशिष्टिकरण संख्या–45/2023–24 (कार्य का विवरणः**–वि0वि0ख0प्र0, चांदपुर के कार्यक्षेत्र में जमा योजना में स्वीकृत पैकेज संख्या डी–165/2023–24 के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बिजनौर के अनुरोध पर चान्दपुर–फीना मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, चांदपुर टाउन से निर्गत 11 केवी टाउन–3, 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, पीपलसाना से निर्गत 11 केवी कराल प्रथम पोषक तथा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, ककराला से निर्गत 11 केवी ताहरपुर पोषक की 11 केवी/एल०टी० लाईनों को स्थानांतरित करने के कार्य को बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने का कार्य। **(धरोहर राशि रूपये 14000.00)।**

उक्त अल्पकालीन ई–निविदाएं पोर्टल पर अंतिम तिथि 29.09.2023 (12:00 बजे) तक अपलोड की जाएगी तथा तददिनांक को 14:00 भाग–1 खोला जाएगा! कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण, नियम व शर्तें, निविदा शुल्क तथा अन्य विवरण ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in/निगम की वैबसाइट www.pvvnl.org पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। अवकाश होने की दशा में ई–निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जाएगी। निर्धारित तिथि के विस्तार, शुद्धि–पत्र/ई–निविदा निरस्तीकरण से संबंधित सूचना यदि कोई होगी, तो केवल वैबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वैबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

**(निरंजन कुमार सिंह)**
**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत वितरण मंडल, बिजनौर**